दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल



*संपादकीय*

## छोटी सी बात का बत्तंगड़

अंतरराष्ट्रीय राजनय में छोटी घटनाएं भी किस तरह बढ़ा-चढ़ाकर पेश की जाती हैं संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत का एक छोटा सा कदम इसका उदाहरण है।

इसे भारत के रूस के खिलाफ मतदान करने के रूप में प्रचारित किया गया जो कि निहायत गलतबयानी है। वस्तुत: भारत ने दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के नाते जो किया वह बिलकुल अपेक्षित कदम है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के सुरक्षा परिषद को संबोधित करने के आमंत्रण को लेकर मतदान हुआ था, भारत ने इसके पक्ष में मतदान किया, जिसे भारत का रूस के खिलाफ मतदान कहा गया।

परिणामस्वरूप 15 सदस्यीय सुरक्षा परिषद ने जेलेंस्की को वीडियो-टेलीकॉन्फ्रेंस के जरिए बैठक को संबोधित करने के लिए आमन्त्रित किया है। रूस की सेना ने छह माह पहले फरवरी में यूक्रेन पर हमला कर दिया था। इस मामले में भारत अभी तक रूस के खिलाफ किसी भी प्रस्ताव का साथ देने से बचता रहा है। इससे अमेरिका समेत तमाम पश्चिम देश नाराजगी जताते रहे हैं। रूस के खिलाफ भारत को अपने पाले में लाने के लिए ये देश जी-तोड़ प्रयास करते रहे हैं। युद्ध के लिए पश्चिमी देशों ने रूस पर कड़े आर्थिक एवं अन्य प्रतिबंध लगाए हैं। भारत दो साल के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) का अस्थायी सदस्य है। इसलिए भी भारत का साथ पाने के प्रयास चलते रहते हैं, जबकि भारत ने किसी का भी साथ न देने की नीति पर चलते हुए अपनी स्वतंत्र पहचान बनाई। भारत ने रूस और यूक्रेन से कूटनीति एवं वार्ता के मार्ग पर लौटने की कई बार अपील की है और दोनों देशों के बीच संघर्ष समाप्त करने के सभी कूटनीतिक प्रयासों में सहयोग व्यक्त किया है।

सुरक्षा परिषद ने यूक्रेन की स्वतंत्रता की 31वीं वषगांठ पर छह महीने से जारी युद्ध की समीक्षा के लिए बुधवार को एक बैठक की। रूस के राजदूत ने वीडियो टेली-कॉन्फ्रेंस के जरिए जेलेंस्की की भागीदारी के संबंध में एक प्रक्रियात्मक वोट कराने का अनुरोध किया। भारत सुरक्षा परिषद के उन 13 सदस्योंमें शामिल रहा है, जिन्होंने जेलेंस्की को सुरक्षा परिषद को संबोधित करने की अनुमति देने के पक्ष में वोट किया, जबकि वोटिंग का आह्वान करने वाले रूस ने इस निमंतणके खिलाफ मत दिया और चीन ने वोट नहीं दिया। गलतबयानी करके भारत की छवि खराब करने के किसी भी प्रयास का कड़ा विरोध किया जाना चाहिए।

## एमजी ने पेश की ‘एडवांस ग्लॉस्टर’, कीमत 31.99 लाख रुपए



**नई दिल्ली ।** यात्री वाहन बनाने वाली कंपनी एमजी मोटर इंडिया ने आज भारतीय बाजार में अपनी प्रीमियम एसयूवी एडवांस्ड ग्लॉस्टर पेश करने की घोषणा की जिसकी एक्स शोरूम कीमत 31.99 लाख रुपये है।


कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि ऑटोनोमस (लेवल 1) प्रीमियम एसयूवी अब नए और एडवांस सेफ्टी, स्टाइल और टेक्नोलॉजी एनहांसमेंट्स के साथ आई है। मौजूदा ग्लॉस्टर के एडवांस्ड ड्राइवर असिस्ट सिस्टम में अतिरिक्त फर्स्ट-इन-सेगमेंट फीचर दिये गये हैं, जैसेकि डोर ओपन वार्निंग , रियर क्रॉस ट्रैफिक अलर्ट और लेन चेंज असिस्ट आदि। 30 स्टैंडर्ड सेफ्टी फीचरों के अतिरिक्त यह फीचर एडवांस ग्लॉस्टर को सुरक्षित और आसान ड्राइव बनाते हैं।

एडवांस ग्लॉस्टर की सडक़ पर मौजूदगी को 4डब्ल्यूडी संस्करण में पूरी तरह से नए ब्रिटिश विंडमिल टर्बाइन-थीम वाले अलॉय मेटल व्हील्स ने और मजबूत बना दिया है। इसे अब नए ‘डीप गोल्डन’ कलर ऑप्शन में पेश किया जा रहा है जो एसयूवी की अपील को और शानदार बनाता है। मेटल ब्लैक, मेटल ऐश और वार्म व्हाइट के पहले से मौजूद रंगों के अलावा नया रंग जोड़ा गया है।

कंपनी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक राजीव चाबा ने कहा, टेक्नोलॉजी में हो रहे बदलाव, निरंतर विकास, और बेस्ट-इन-क्लास कस्टमर एक्सपीरियंस एमजी में हमारी प्रमुख प्राथमिकताएं हैं। ग्लॉस्टर की पहचान बोल्ड, मजबूत, वर्सेटाइल और शानदार होने की है, और हम फीडबैक के लिए अपने कस्टमर के आभारी हैं। अपने 2व्हीलड्राइव और 4व्हीलड्राइव ट्रिम्स, पावरफुल इंजन ऑप्शन, अगली पीढ़ी की तकनीक, ऑटोनॉमस लेवल 1 और माय एमजी शील्ड पैकेज के साथ, ‘एडवांस्ड ग्लॉस्टर’ को हमारे नए जमाने के कस्टमर्स को खुश और उत्साहित करने के लिए डिजाइन किया गया है।

उन्होंने यह भी कहा कि स्थानीयकरण को बढ़ाने के साथ ही सप्लाई चेन से जुड़ी समस्याओं को दूर कर रहे हैं। हम इस लॉन्च के साथ ग्लॉस्टर की बिक्री को दोगुना करने की उम्मीद कर रहे हैं। ‘एडवांस्ड ग्लॉस्टर’ राइड के दौरान भी मनोरंजन प्रदान करता है। अपने सेग्मेंट में बेस्ट 31.2 सेमी टचस्क्रीन और 12 स्पीकरों के हाई-चलिटी ऑडियो सिस्टम के साथ आती है। इसमें एंड्रॉइड ऑटो और ऐप्पल कार प्ले के साथ-साथ फर्स्ट-इन-सेग्मेंट शॉर्टपीडिया न्यूज ऐप और गाना भी शामिल है।

## औद्योगिक मजूदरी संबंधी महंगाई दर जुलाई में रही 5.78 प्रतिशत



**शिमला ।** औद्योगिक मजदूरों से संबंधित खुदरा मुद्रास्फीति इस वर्ष जुलाई में 5.78 प्रतिशत रही रही जो एक साल पहले इसी माह की तुलना में अधिक है लेकिन इससे पिछले माह की तुलना में इसमें नरमी आयी है।

जुलाई, 2022 के लिए अखिल भारतीय सीपीआई-आईडब्ल्यू सालाना आधार पर 0.7 अंक की वृद्धि के साथ 129.9 पर रहा।

शिमला स्थित श्रम ब्यूरो द्वारा बुधवार को जारी ताजा आंकड़ों के अुनसार जून 2022 में औद्योगिक श्रमिकों संबंधी खुदरा मुद्रास्फीति सालाना आधार पर मुद्रास्फीति 5.78 प्रतिशत रही। इससे पिछले महीने (जून2022में) यह 6.16 प्रतिशत और पिछले वर्ष जुलाई में 5.26 प्रतिशत थी।

आंकड़ों के अनुसार औद्योगिक श्रमिकों से संबंधित खाद्य मुद्रास्फीति पिछले महीने के 6.73 प्रतिशत और एक साल पहले इसी महीने के 4.91 प्रतिशत के मुकाबले जुलाई 2022 में 5.96 प्रतिशत रही।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय का शिमला स्थित श्रम ब्यूरो देश के 88 औद्योगिक रूप से महत्वपूर्ण केंद्रों के 317 बाजारों से एकत्रित खुदरा कीमतों के आधार पर हर महीने औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक जारी करता है।

## रोहित शर्मा ने 1 रन बनाते ही दुनिया में चमकाया अपना नाम, बल्ले से बना दिया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**दुबई ।** एशिया कप 2022 में टीम इंडिया का पाकिस्तान को हराने के बाद आज दूसरा मुकाबला हॉन्ग कॉन्ग के साथ है। आज हुए इस मैच में टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने जैसे ही अपना पहला रन स्कोर किया, उन्होंने इसके साथ ही एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। दरअसल, रोहित शर्मा ने टी-20 इंटरनेशनल में 3500 रन पूरे कर लिए हैं और वह ऐसा करने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर बने।

बता दें कि इस मुकाबले से पहले रोहित शर्मा के 3499 रन थे, ऐसे में उन्हें सिर्फ एक रन ही बनाना था। हॉन्ग कॉन्ग के खिलाफ भारतीय क्रिकेट टीम की पहले बैटिंग आई, फिर क्या था रोहित शर्मा ने रिकॉर्ड बनाने का ये मौका नहीं छोड़ा और एक रन बनाते हुए विश्व रिकॉर्ड कायम कर लिया। हॉन्ग कॉन्ग के खिलाफ रोहित शर्मा ने तेज शुरुआत तो की, लेकिन वह बड़ा स्कोर नहीं बना पाए। रोहित शर्मा ने 13 बॉल पर 21 रन बनाए, जिसमें 2 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। हॉन्ग कॉन्ग के आयुष शुक्ला ने रोहित शर्मा को कैच आउट करवाया।

## 16 साल के एथलीट को चाकुओं से गोदा, स्टेट लेवल पर जीते थे 200 से ज्यादा मेडल



**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद में 200 से ज्यादा मेडल जीतने वाले 16 साल के स्टेट लेवल एथलीट खिलाड़ी प्रियांशु की बदमाशो ने चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी। प्रियांशु रात को सेक्टर-12 स्थित स्टेडियम से प्रैक्टिस खत्म कर घर वापस जा रहा था। उसी दौरान स्टेडियम के पास ही किसी ने नाबालिग की चाकूओं से गोदकर निर्मम हत्या कर दी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची सेंट्रल थाना पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। वहीं पुलिस ने इस मामले में पिता की शिकायत के अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए क्राइम ब्रांच सहित पुलिस की 10 टीमें बनाई गई हैं। जो लगातार जांच में जुटी हुई हैं। प्रियांशु मूलरूप से बिहार के हांसीकेवल का रहने वाला था। वर्तमान में पूरा परिवार फरीदाबाद के सेक्टर-23 संजय कॉलोनी में रहता हैं। मृतक के पिता जितेंद्र ऑटो चालक हैं। उन्होंने बताया कि प्रियांशु राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में 12वीं में पढ़ता था। वह पढ़ाई के साथ खेल में अपना भविष्य बनाना चाहता था। उसका सपना देश के लिए गोल्ड मेडल जीतकर लाना था। इसके लिए वह सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर में रोज सुबह और शाम करीब पांच घंटे 2000 मीटर दौड़ की प्रैक्टिस करता था। मंगलवार देर शाम वह करीब 7 बजे प्रैक्टिस करके साइकिल से घर लौट रहा था। तभी एक मॉल के पास कुछ बदमाशों ने उसे घेर लिया और चाकू से हमला कर दिया। उन्होंने उसे करीब पांच बार चाकू मारे। जिसमें से दो बार छाती, एक बार पेट और अन्य जगहों पर मारे। जानकारों ने बताया कि बदमाश प्रियांशु के पीछे खेल के मैदान से निकलने के बाद ही लग गए थे। मॉल के पास खाली जगह होने के कारण उन्होंने उसे वहां घेर लिया। स्थानीय लोगों की सूचना पाकर मौके पर पहुंची सेंट्रल थाने की पुलिस ने प्रियांशु को फौरन बीके अस्पताल में भर्ती कराया। जहां रात में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

## एशिया कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बने रविंद्र जडेजा



**दुबई ।** टीम इंडिया के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा एशिया कप टूर्नामेंट के इतिहास में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। ऑलराउंडर ने एशिया कप 2022 संस्करण में दुबई में हॉन्ग कॉन्ग के खिलाफ अपनी टीम के ग्रुप ए मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। मैच में जडेजा ने शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने खतरनाक दिखने वाले बल्लेबाज बाबर हयात का विकेट लिया। जडेजा अपने चार ओवरों में 15 रन देकर 1 विकेट लेने में सफल हुए।

जडेजा ने 2010 से 2022 तक अब तक आयोजित छह एशिया कप टूर्नामेंटों में हिस्सा लिया है। वे अब तक 23 विकेट अपने नाम कर चुके हैं। उन्होंने इस टूर्नामेंट में 22 विकेट लेने वाले पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान को पछाड़ दिया है। जडेजा ने 2010 में अपने पहले एशिया कप में चार विकेट लिए, उसके बाद 2012 में एक, टूर्नामेंट के 2014 संस्करण में सात विकेट लिए, जबकि 2016 में 3 विकेट उन्होंने चटकाए। इसके बाद 2018 एशिया कप में वे सात विकेट लेने में सफल हुए थे। वहीं, मौजूदा एशिया कप में उनका ये पहला विकेट है।


गेंद के साथ उनका सबसे सफल एशिया कप 2018 में था। उस सीजन के चार मैचों में उन्होंने 22.28 की औसत और 4.45 की इकॉनमी रेट से सात विकेट लिए थे। टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा 4/29 था। वह गेंदबाजी चार्ट में पांचवें नंबर पर थे और जसप्रीत बुमराह (8) और कुलदीप यादव (10) के बाद टूर्नामेंट में भारत के तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। हालांकि, एशिया कप के इतिहास में सबसे सफल गेंदबाज श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन (30), लसिथ मलिंगा (29), अजंता मेंडिस (26) और पाकिस्तान के सईद अजमल (25) हैं।

## सूर्यकुमार यादव ने हॉन्ग कॉन्ग के खिलाफ की छक्कों की बारिश, एशिया कप में भारत के लिए रचा इतिहास

**नई दिल्ली ।** टीम इंडिया के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के बल्ले ने जमकर आग उगली। सूर्यकुमार यादव ने एक ही ओवर में चार छक्के भी जड़े। उन्हीं की तूफानी पारी के दम पर टीम इंडिया ने विशाल स्कोर बनाया, जिसकी वजह से टीम को जीत मिली और टीम इंडिया एशिया कप 2022 के सुपर 4 में पहुंच गई। इसी दौरान सूर्यकुमार यादव ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।


सूर्यकुमार यादव टी20 फॉर्मेट के एशिया कप में भारत के लिए एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं। इसके अलावा वे संयुक्त रूप से इस मामले में पहले स्थान पर भी हैं, क्योंकि उनसे पहले अफगानिस्तान के नजीबुल्लाह जादरान ने बांग्लादेश के खिलाफ 6 छक्के जड़े थे। इस तरह सूर्यकुमार यादव उनके साथ इस रिकॉर्ड को साझा किए हुए हैं।

सूर्यकुमार यादव ने बुधवार को टी 20 एशिया कप मैच में टीम इंडिया के बल्लेबाज के तौर पर एक पारी में सबसे अधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। सूर्यकुमार ने बुधवार को हॉन्ग कॉन्ग के खिलाफ 6 चौके और छह छक्के लगाए। पुरुषों के टी 20 एशिया कप मैच में किसी अन्य भारतीय बल्लेबाज ने तीन से अधिक छक्के नहीं लगाए हैं। सूर्यकुमार ने इस मैच में 26 गेंदों में 68 रन बनाए।



इतना ही नहीं, सूर्यकुमार यादव एशिया कप के एक टी20 मैच में सबस अधिक बाउंड्री लगाने वाले भारत के पहले बल्लेबाज भी बन गए हैं। उन्होंने इस मैच में कुल 12 चौके-छक्के जड़े और वे इस लिस्ट में अब सबसे ऊपर पहुंच गए हैं। सब्बीर रहमान ने 2016 के एशिया कप में 13 चौके-छक्के एक मैच में जड़े थे। 11 चौके-छक्के तिलकरत्ने दिलशान ने जड़े हैं। रोहित शर्मा और शिखर धवन ने 10 बाउंड्री 2016 के एशिया कप के एक मैच में जड़ी थीं।

## कठपुतली से ओटीटी पर डेब्यू कर रही हैं सरगुन मेहता



पंजाबी फिल्म उद्योग में खुद को स्थापित कर चुकीं अभिनेत्री सरगुन मेहता अक्षय कुमार, रकुल प्रीत सिंह, चंद्रचूण सिंह के साथ कठपुतली में नजर आएंगी। रंजीत तिवारी के निर्देशन में बनी यह सरगुन की ओटीटी डेब्यू होगी।

वह इस बारे में बताती हैं और सात साल के अंतराल के बाद एक हिंदी प्रोजेक्ट कर रही हैं। सरगुन कहती हैं, मैं अपनी ओटीटी पारी शुरू करने और सात साल के लंबे अंतराल के बाद हिंदी में कुछ करने के लिए बहुत उत्साहित हूं। थ्रिलर के लिए एक बड़ा दर्शक वर्ग है, इसलिए मैं एक अलग और मजबूत किरदार करना चाहती थी। कठपुतली मर्डर मिस्ट्री को क्या खास बनाता है?सरगुन बताती हैं, जब मैंने स्क्रिप्ट सुनी तो मैं खुद अनुमान नहीं लगा सकी कि हत्यारा कौन है और मुझे लगता है कि यह एक अच्छा रहस्य कैसे काम करता है। आप अनुमान लगाते रहते हैं और सोचते रहते हैं कि यह फिल्म आपको कहां ले जाएगी और बाद में यह मुझे ले गई। एक पूरी तरह से नई दिशा की ओर जो मुझे लगता है काफी प्रभावशाली थी। अक्षय के साथ काम करने के दौरान उन्होंने जो सीखा, उस पर उन्होंने कहा, उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलना बहुत आश्चर्यजनक था। पहले दिन मैं उनसे मिली थी, मैं बहुत शांत थी इसलिए वह मुझसे कहते थे तू बोलती नहीं है क्या? और मैं सोच रही थी, मैं उन्हें कैसे बताऊं कि मैं इतनी डरी हुई हूं। मुझे कहना होगा कि वह अपने सह-अभिनेताओं को इतना सहज महसूस कराते हैं और उनके साथ काम करना बहुत आसान है।

## गणेश चतुर्थी के अवसर पर हिमेश रेशमिया ने जारी किया गणपति गजानन



गायक हिमेश रेशमिया ने गणेश चतुर्थी के मौके पर अपना नया ट्रैक गणपति गजानन जारी किया। यह गाना हिमेश रेशमिया डिवोशनल का पहला ट्रैक है।

गाने के रिलीज के अवसर पर हिमेश ने एक बयान में कहा, हमारे पहले म्यूजिक लेबल ने पहले।5 गानों पर 3 बिलियन व्यूज को पार कर लिया है, जिसमें से सुरूर 2021 एल्बम के पहले 3 गानों ने पूरे यूट्बयू पर 1.5 बिलियन का आकड़ा छुआ और हमारा दूसरा संगीत लेबल जो पिछले महीने लॉन्च किया गया था, असाधारण रूप से अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। गाने को रेशमिया के पिता विपिन रेशमिया ने कंपोज किया है और हिमेश ने अपनी आवाज दी है। यह पहली बार है जब पिता-पुत्र की जोड़ी ने सहयोग किया है।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज का दिन मौज-मस्ती और आनन्द से भरा रहेगा क्योंकि आप ज़िन्दगी को पूरी तरह जिएंगे। आपका बचाया धन आज आपके काम आ सकता। जब आप अकेलापन महसूस करें तो अपने परिवार की मदद लीजिए।

***वृष :*** आज आपका आत्मविश्वास और ऊर्जा का स्तर ऊँचा रहेगा। विवाहित दंपत्तियों को आज अपनी संतान की शिक्षा पर अच्छा खासा धन खर्च करना पड़ सकता है। परिवार के सदस्य कई चीज़ों की मांग कर सकते हैं।

***मिथुन :*** आज कार्यालय में आपको कुछ अच्छा समाचार सुनने को मिल सकता है। अपने कार्यालय से जल्दी निकलने की कोशिश करें और वे काम करें जिन्हें आप वाक़ई पसंद करते हैं। आपका गर्मजोशी भरा बर्ताव घर का माहौल ख़ुशनुमा कर देगा।

***कर्क :*** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। पारिवारिक माहौल सही रहेगा। सामाजिक दायरे में वृद्धि होगी। शारीरिक बीमारी के सही होने की काफ़ी संभावनाएँ हैं और इसके चलते आप शीघ्र ही खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं।

***सिंह :*** आज आप नए विचारों से परिपूर्ण रहेंगे और आप जिन कामों को करने के लिए चुनेंगे, वे आपको उम्मीद से ज़्यादा फ़ायदा देंगे। आपकी शाम कई जज़्बातों से घिरी रहेगी। दोस्त शाम के लिए कोई बढ़िया योजना बनाकर आपका दिन ख़ुशनुमा कर देंगे। काम को मनोरंजन के साथ न मिलाएँ।

***कन्या :*** आज आपके लिए अच्छा रहेगा इससे आपके परिवार वालों को भी खुशी मिलेगी और आप भी तरोताजा महसूस करेंगे। अपनी बौद्धिक क्षमताओं का इस्तेमाल अपने हित में करें।

***तुला :*** आज मौज-मस्ती की यात्राएं और सामाजिक मेलजोल आपको ख़ुश रखेंगे और सुकून देंगे। जो लोग अब तक पैसे को बिना वजह ही उड़ा रहे थे आज उन्हें अपने आप पर काबू रखना चाहिए और धन की बचत करनी चाहिए।

***वृश्चिक :*** आज सेहत को देखभाल की ख़ास ज़रूरत है। ग्रह नक्षत्रों की चाल आपके लिए आज अच्छी नहीं है, आज के दिन आपको अपने धन को बहुत सुरक्षित रखना चाहिए। प

***धनु :*** आपका बच्चों जैसा भोला स्वभाव फिर सतह पर आ जाएगा और आप शरारती मनोदशा में होंगे। सामाजिक स्थिति में सुधार होगा। जो व्यापारी अपने कारोबार के सिलसिले में घर से बाहर जा रहे हैं उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी।

***मकर :*** अगर आपकी योजना बाहर घूमने-फिरने की है तो आपका वक़्त हँसी-ख़ुशी और सुकून भरा रहेगा। सामाजिक दायरा बढ़ाने में समर्थ होंगे। दीर्घावधि मुनाफ़े के नज़रिए से स्टॉक और म्यूचुअल फ़ंड में निवेश करना फ़ायदेमंद रहेगा।

***कुंभ :*** आज दूसरों के साथ ख़ुशी बांटने से सेहत और खिलेगी। जो लोग आपके क़रीब हैं, वे आपका ग़लत फ़ायदा न उठा पाएँ। सहकर्मियों और वरिष्ठों से मिला सहयोग आपके उत्साह में इज़ाफ़ा करेगा।

***मीन :*** आज धार्मिक और आध्यात्मिक रुचि के काम करने के लिए अच्छा दिन है। कार्यक्षेत्र में या करोबार में लापरवाही न करें। परिवार वालों का हँसी-मज़ाक भरा बर्ताव घर के वातावरण को हल्का-फुल्का और ख़ुशनुमा बना देगा।

## इस बार बानएं ‘उड़द दाल का लड्डू’



दिवाली में मिलावटी मिठाइयां खाकर नहीं करनी है सेहत खराब तो घर में ही बनाएं शुद्ध मिठाइयां। उड़द दाल लड्डू ऐसा है जिसे बनाना आसान भी होता है और खाने में भी बहुत टेस्टी लगता है।

### सामग्री :

उड़द दाल (छिलका या बिना छिलके वाली)- 1 1/2 कप, गुड़/ब्राउन शुगर/चीनी- 1 1/2 कप, घी या मक्खन- 1/2 कप, नमक-चुटकीभर

### विधि :

- सबसे पहले उड़द दाल को मीडियम आंच पर खुशबू आने तक भून लेंगे।
- लगातार चलाते हुए भूनें वरना जल सकता है जो इसका पूरा स्वाद बिगाड़ देगा।
- मिक्सी में दाल को दरादरा पीस लें। वैसे बारीक भी पीस सकती हैं, जिस तरह का लड्डू आपको पसंद है वैसा पीस लें।
- अब इस पाउडर में चीनी, गुड़ या ब्राउन शुगर जो अवेलेबल है मिक्स कर लें साथ ही थोड़ा नमक भी।
- इसके बाद इसमें पिघला घी मिक्स करेंगे।
- अब इस मिक्सचर से छोटे-छोटे लड्डू बनाएंगे।
- घी एक साथ न मिलाकर छोटे-छोटे हिस्से में डालकर बनाना ज्यादा आसान रहेगा।
- बनने के बाद लड्डूओं को किसी एयर टाइट डिब्बे में भरकर रख दें।
- मेहमानों को बेसन, नारियल से अलग इस बार उड़द दाल लड्डू खिलाएं।


## शब्द सामर्थ्य- 181

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 180 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | | आ | सा | न | | आ |
| ल | | मी | | खि | | सी | ख | ना |
| | म | ज | बू | र | | ह | | जा |
| स | र्द | | | का | | त | रा | ना |
| र | | | | र | वि | | ह | |
| प | ह | ना | ना | | ना | रा | ज | |
| ट | | | क | शि | श | | नी | ला |
| | र | | | का | | रा | | य |
| खा | ति | र | दा | री | | त | क्ष | क |

## सू-दोकू- 181

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.180 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |